86. निम्नलिखित में से सही समरूपी भिन्नार्थक शब्द-युग्म का चयन कीजिए :

(A) पाणि – परिहार

(B) प्रसाद – प्रासाद

(C) पुरुष – प्रचारक

(D) मूल – मातृ

87. *बेमेल* शब्द-युग्म चुनिए :

(A) परदेश – प्रदेश

(B) परिमित – परिच्छेद

(C) प्रकृत – प्रकृति

(D) बाड़ – बाढ़

88. पर्यायवाची की दृष्टि से *असंगत* युग्म है :

(A) कुबेर – मघवा

(B) अमृत – सुधा

(C) कपड़ा – अम्बर

(D) कमल – तामरस

89. 'हिरन' का पर्यायवाची *नहीं* है :

(A) कृष्णसार

(B) मतंग

(C) सारंग

(D) कुरंग

90. निम्नलिखित में से किस शब्द में हलंत संबंधी अशुद्धि है ?

(A) साक्षात्

(B) प्रत्युत्

(C) अर्थात्

(D) हनुमान्

91. वर्ग-I के शब्दों का वर्ग-II (विलोम शब्द) के साथ सही युग्म बनाइए :

| | *वर्ग-I* | | *वर्ग-II* |
|---|---|---|---|
| a. | आपत्ति | 1. | जंगम |
| b. | आकृष्ट | 2. | रोपण |
| c. | उन्मूलन | 3. | समर्थन |
| d. | स्थावर | 4. | विकृष्ट |

सही युग्म :

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (A) | 2 | 4 | 3 | 1 |
| (B) | 3 | 2 | 1 | 4 |
| (C) | 4 | 3 | 1 | 2 |
| (D) | 3 | 4 | 2 | 1 |

92. देवों को चढ़ाने के लिए बनाए गए दही, घी, शहद, चीनी और जल के योग को कहते हैं :

(A) देवानांप्रिय

(B) मधुपर्क

(C) मधुरादिरस

(D) मधुरामृत

Adda247

